नेहरू युवा केन्द्र संगठन

सत्यमेव जयते

नमामि गंगे

# नमामि गंगे परियोजना अन्तर्गत युवाओं की सहभागिता



# गंगा जयन्ती उत्सव

07–08 मई 2022

## नेहरू युवा केन्द्र संगठन

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार

# गंगा जयंती

हर साल वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को गंगा सप्तमी मनाई जाती है। माना जाता है कि इसी दिन मां गंगा धरती पर आयी थीं, इस कारण गंगा सप्तमी को गंगा जयंती के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक रूप से गंगा को बहुत पवित्र माना गया है। इस बार गंगा सप्तमी तिथि 07 से 08 मई 2022 तक थी। नेहरु युवा केन्द्र संगठन द्वारा नमामि गंगे परियोजना में युवाओं की सहभागिता के अर्न्तगत गंगा जंयती का आयोजन 48 जिलों में किया गया। जिसमें 2697 महिलाओं तथा 5106 पुरुषों ने अपना योगदान दिया।

इस कार्यक्रम के अर्न्तगत विभिन्न गतिविधियों जैसे सूर्यनस्कार, योग, गंगा नदी एवं उसके आस पास स्वच्छता अभियान चलाकर, स्वच्छता के लिए हस्ताक्षर अभियान, वृक्षारोपण के साथ–साथ सास्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया एवं गंगा को स्वच्छ एवं अविरल रखने की शपथ लेकर गंगा जयंती को बडी धूम–धाम से मनाया गया।

# गंगा नदी एवं इसका महत्व

गंगा नदी एक बहुत पवित्र नदी है और भारत में हिन्दू धर्म में देवी के रूप में पूजी जाती है एवं यह भारत की राष्ट्रीय नदी भी है। गंगा नदी भारतीयों के जीवन–चक्र में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह बांग्लादेश और भारत दोनों देशों से होकर बहती है। इसकी लम्बाई 2525 किमी० है।

गंगा नदी का आध्यत्मिक एवं वैज्ञानिक दोनो रूपों में महत्व है। जहाँ एक ओर इसको देवी की भांति पूजा जाता है वही दूसरी ओर इसके जल का उपयोग विभिन्न रोगों के उपचार में उपयोग किया जाता है। बारहमासी नदी होने के कारण गंगा नदी का पानी सालभर उपलब्ध रहता है। यह भारत में उपजाऊ बाढ के मैदानों का निर्माण करती है। इसका पानी व्यापक रूप से सिंचाई एवं कृषि उद्देश्यों में उपयोग किया जाता है। गंगा नदी द्वारा विकसित मैदान भारत के उपजाऊ मैदानों एवं अन्न भंडारों में से एक हैं। इसमें संचार और परिवहन प्रणाली विकसित होने के कारण इनका महत्व और अधिक बढ गया है। राष्ट्रीय जलमार्ग 1 गंगा–भागीरथी–हुगली नदी प्रणाली में स्थित है और उत्तरप्रदेश के प्रयागराज से पश्चिम बंगाल में हल्दिया तक पटना और बिहार में भागलपुर के माध्यम से गंगा नदी से होकर गुजरता है। इसकी लम्बाई 1620 किमी० है।

भारतीयों के लिए वास्तव में गंगा का विशेष महत्व है। देश के विकास एवं लोगों को विभिन्न तरह से जीवन प्रदान करने वाली गंगा नदी के महत्व को हिन्दू तथा गैर–हिन्दू दोनों ही महसूस करते हैं। गंगा नदी के संरक्षण के लिए और इसके जल के व्यापक उपयोग के लिए भारत सरकार कई परियोजनाएं शुरू की गई हैं। नमामि गंगे कार्यक्रम में युवओं की सहभागिता इन्ही परियोजनाओं में से एक है। यह एक प्रयास है युवाओं को माँ गंगा के संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, जिससे राष्ट्र की प्रगति हो तथा हमारी प्राचीन संस्कृति की प्रतीक एवं सभी रूपों में महत्वपूर्ण गंगा नदी प्रदूषण मुक्त हो सके।

# राज्यवार गंगा जयंती/गंगा सप्तमी में सम्मिलित प्रतिभागियो का विवरण

| क्रम संख्या | राज्य का नाम | महिला | पुरुष | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तराखण्ड | 180 | 222 | 402 |
| 2 | बिहार | 1459 | 2832 | 4291 |
| 3 | पश्चिम बंगाल | 454 | 566 | 1020 |
| 4 | उत्तरप्रदेश | 575 | 1358 | 1933 |
| 5 | झारखण्ड | 29 | 128 | 157 |
| **कुल योग** | | **2697** | **5106** | **7803** |

# राज्यवार गंगा जयंती/सप्तमी का विवरण

**उत्तराखण्ड** में गंगा जयंती उत्तराखण्ड के 7 जिलों रूद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, हरिद्वार, देहरादून, टिहरी गढवाल एवं पौढी गढवाल में मनाई गई। इस कार्यक्रम के अर्न्तगत रूद्रप्रयाग मे अलकनन्दा तट पर सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया साथ ही अन्य जिलों में गंगा नदी के तट पर एवं अन्य स्थानों पर सूर्य नमस्कार के साथ साथ योग एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।





उत्तरकाशी में पंजाब सिन्ध क्षेत्र घाट एवं जोशियाडा गंगा घाट पर भव्य गंगा आरती एवं दीपोत्सव का आयोजन किया गया साथ ही बाहर से आये श्रद्धालुओं व कार्यक्रम में उपस्थित स्थानिय लोगों को गंगा की स्वच्छता तथा प्रतिदिन गंगा आरती आयोजन हेतु जागरूक किया गया। उत्तरखण्ड के कुल 402 उत्साही युवाओं ने इस कार्यक्रम में अपना योगदान दिया जिसमें कुल 180 महिलाए तथा 222 पुरूष सम्मिलित हुए।





हरिद्वार में प्रेम नगर घाट पर शपथ, स्वच्छता, हस्ताक्षर अभियान में प्रतिभाग करते युवा



उत्तरकाशी में आयोजित गंगा जयंती के उत्सव पर पंजाब सिन्ध क्षेत्र घाट एवं जोशियाडा गंगा घाट पर गंगा आरती एवं दीपोत्सव के आयोजन का एक दृश्य

# बिहार

गंगा जयंती बिहार के 14 जिलों में दिनांक 07.05.2022 एवं 08.05.2022 को मनायी गयी जिसमें कुल 1459 महिलाए और 2832 पुरूषों सहित कुल 4251 लोग सम्मिलित हुए। जिला पटना में गंगा सप्तमी एवं गंगा जयंती के अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र पटना नमामि गंगे परियोजना अंर्तगत गंगा आरती,योगाभ्यास, सूर्य नमस्कार, स्वच्छता अभियान, शपथ, वृक्षारोपण, ब्लड डोनेशन इत्यादि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्पियरहेड टीम के सदस्यों, राष्ट्रीय युवा स्वंयसेवकों, युवा क्लबों के सदस्यों, स्कूल के बच्चों एवं आमजन के द्वारा सहभागिता दी गयी ।




























नेहरू युवा केन्द्र वैशाली नमामि गंगे परियोजना अंर्तगत गंगा सप्तमी के अवसर पर सूर्य नमस्कार,योग, ध्यान गंगा स्वच्छता, साफ–सफाई कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों, स्पियर हेड टीम से सदस्यो, गंगा दूतो द्वारा किया गया एवं गंगा सप्तमी के बारे में लोगों को बताया गया एवं गंगा स्वच्छता के प्रति लोगों में शपथ दिलाकर जागरूक किया गया।






















नेहरू युवा केन्द्र बक्सर नमामि गंगे परियोजना अंर्तगत गंगा सप्तमी के अवसर पर गंगा गंगा चौपाल, पौधारोपण, स्वच्छता जागरूकता, शपथ एवं अन्य कार्यक्रम का आयोजन स्पियर हेड टीम के सदस्यों गंगा दूतों एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से किया गया ।








नेहरू युवा केन्द्र, भागलपुर के तत्वाधान में गंगा सप्तमी के अवसर पर गंगा तट पर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक के मार्गदर्शन में गंगा दूत, स्पेयर हेड सदस्यो,युवा मंडल के सदस्यो द्वारा स्वच्छता अभियान,जागरूकता अभियान चलाया गया एवम प्लास्टिक कचरे को एकत्रित किया गया साथ ही  सूर्य नमस्कार एवं गंगा आरती का आयोजन किया गया।












नेहरू युवा केन्द्र, मुंगेर, नमामि गंगे परियोजना अंर्तगत गंगा जयंती कार्यक्रम के अर्न्तगत जिला परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में जिले के विभिन्न गंगा ग्राम सदर मुंगेंर , टीका रामपुर ,कुटलुपुर दियारा , में योग अभ्यास, सूर्य नमस्कार, गंगा शपथ, रैली, वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें गंगादूतों, स्पियरहेड टीम के सदस्यों एवं ग्रामीणों नें भाग लिया।














नेहरू युवा केन्द्र, मुंगेर में गंगा जयंती के अवसर पर विभिन्न गतिविधियां करते युवा

नमामि गंगे परियोजना, नेहरू युवा केंद्र खगड़िया के तत्वाधान में गंगा जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम के तहत नमामि गंगे परियोजना के जिला परियोजना अधिकारी रजनीश कुमार के नेतृत्व में तथा समाजसेवी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आम सभा बैठक एवं गंगा चौपाल आयोजित किया गया एवं युवाओं को गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त एवं अविरल बनाने के लिए स्वच्छता शपथ भी दिलायी गयी और गोगरी प्रखंड के गंगा घाट बन्नी में संध्या कालीन आरती भी की गई। इस कार्य को सफल बनाने में गोगरी प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक शुभम कुमार सुमन, खगड़िया प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नीरज कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।











जिला खगड़िया, बिहार में आयोजित गंगा जयंती के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों की झलक

जिला बेगूसराय नमामिगंगे परियोजना के अंतर्गत गंगा जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन सिमरिया धाम में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नमामिगंगे के डीपीओ ने उपस्थित गंगादूत, गंगा स्पियर हेड टीम के सदस्यों को गंगा संकल्प कराया और घाट की साफ–सफाई भी की गई एवं विभिन्न घाटों पर गंगा आरती का आयोजन किया गया।








नमामि गंगे परियोजना नेहरू युवा केंद्र भोजपुर के बड़हरा प्रखंड के महुली गंगा घाट पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन मां गंगे युवा क्लब कुदरिया के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य रूप से योग पौधारोपण, गंगा शपथ और जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के द्वारा लोगों को शपथ दिलायी गयी और पौधारोपण किया गया साथ ही साथ जनप्रतिनिधियों के द्वारा दुकानदारो और श्रद्धालुओं को गंगा को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक भी किया गया ।




नेहरू युवा केंद्र समस्तीपुर के तत्वाधान में नमामि गंगे परियोजना के तहत नमामि गंगे जिला परियोजना अधिकारी नीरजेश कुमार के निर्देशानुसार गंगा दूत एवं राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक द्वारा प्रखंड मोहनपुर में सरारी गंगा घाट के किनारे दो दिवसीय गंगा जयंती कार्यक्रम के स्वच्छता रैली, गंगा शपथ,गंगा आरती,स्वच्छता अभियान, पौधारोपण कर युवाओं ने मां गंगा को साफ रखने हेतु जागरूकता अभियान चलाया और उन्होंने संकल्प लिया कि हम लोग अपने गांव समाज के ग्रामीण क्षेत्र में जाकर गंगा के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे । उपरोक्त स्वच्छता अभियान में सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।











# पश्चिम बंगाल

गंगा जयंती पश्चिम बंगाल के 6 जिलों डायमंड हार्बर, हुगली, नादिया, मालदा, वर्द्धमान एवं मुर्शिदाबाद में दिनांक 07.05.2022 एवं 08.05.2022 को मनायी गयी इस कार्यक्रम के अन्तर्गत योगाभ्यास, स्वच्छता अभियान, शपथ, वृक्षारोपण, गंगा आरती एवं सास्कृतिक कार्यक्रम आदि कार्यक्रमों का आयोजन बडी धूम धाम के साथ किया गया इस कार्यक्रम में कुल 454 महिलाए और 566 पुरूषों सहित कुल 1020 लोग सम्मिलित हुए।



गंगा जयंती के अवसर पर पश्चिम बंगाल में आयोजित की गयी गतिविधियों का दृश्य




गंगा जंयती के अवसर पश्चिम बंगाल में गंगा जयंती के अवसर पर रैली निकालते, वृक्षारोपण करते एवं योग करते युवा

# उत्तर प्रदेश



गंगा जयंती उत्तरप्रदेश के 20 जिलों में दिनांक 07.05.2022 एवं 08.05.2022 को मनायी गयी इस कार्यक्रम के अर्न्तगत योगाभ्यास, स्वच्छता अभियान, शपथ, वृक्षारोपण, गंगा आरती एवं सास्कृतिक कार्यक्रम आदि कार्यक्रमों का आयोजन बडी धूम धाम के साथ किया गया इस कार्यक्रम में कुल 575 महिलाए और 1358 पुरूषों सहित कुल 1933 लोग सम्मिलित हुए। इन गतिविधियों का विस्तृत विवरण निम्नलिखित हैः–

नेहरु युवा केन्द्र अमरोहा के तत्वाधान में गंगा जयंती/गंगा सप्तमी के शुभ अवसर पर सूर्य नमस्कार योग कार्यक्रम गंगा ग्राम तिगरी, ब्लाक गजरौला के प्राथमिक विधालय में मनाया गया जिसके अर्न्तगत सूर्य नमस्कार के आसन करके तिगरी वासियों को स्वस्थ रहने के लिए जागरुक किया गया। कार्यक्रम में स्पियर हेड टीम के सदस्यों, गंगादूतों, विधालय के विधार्थीयों एवं स्थानीय लोगों ने प्रतिभागिता दी।




नेहरू युवा केन्द्र अमरोहा में गंगा जयंती के अवसर पर योग करते युवा

इसके साथ ही तिगरी घाट पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग कार्यक्रम में कठिन से कठिन आसन लगाकर गंगा स्नान के लिए आए हुए श्रद्धालुओं को स्वस्थ जीवन जीने के प्रति एवं मां गंगा को स्वच्छ एवं अविरल रखने के लिए जागरुक एवं प्रेरित किया। गंगा के घाटों स्वच्छता को सुनिश्चित कर गंगा आरती का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्पियरहेड टीम के सदस्यो एवं मॉडल प्राथमिक विधालय तिगरी के प्रधानाध्यापक, जिला परियोजना अधिकारी, गंगा दूतों एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवकों की मुख्य रूप से सहभागिता रही।








नेहरू युवा केन्द्र अमरोहा में गंगा जयंती के अवसर पर तिगरी घाट पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम

नेहरू युवा केन्द्र बदायूँ द्वारा गंगा जयंती के पावन अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस में उझानी एवं सहसवान में योग एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी युवाओं एवं ग्राम वासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम के दूसरे दिन उझानी स्थित भागीरथी घाट कछला पर स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं गंगा स्वच्छता शपथ दिलाई गयी। इस कार्यक्रम में गंगादूतों, स्पियरहेड टीम के सदस्यों, स्थानीय लोगों आदि का सहयोग रहा।




नेहरू युवा केन्द्र बदायूँ द्वारा गंगा जयंती के अवसर पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों की झलक

नेहरू युवा केन्द्र बलिया द्वारा नमामि गंगे कार्यक्रम में युवाओं की सहभागिता अन्तर्गत जनपद के 05 विकास खण्डो में गंगा जयंती का आयोजन किया गया। इसमें गंगा शपथ, योग, सूर्यनमस्कार, स्वच्छता कार्यक्रम आदि गतिविधियां की गयी।











नेहरू युवा केन्द्र बुलन्दशहर (उ.प्र.) के तत्वावधान में गंगा सप्तमी के उपलक्ष्य मे दिनांक 07.05.2022 से 08.05.2022 तक नमामि गंगे परियोजना के अन्तर्गत जिला बुलन्दशहर के नमामि गंगे के विभिन्न ब्लॉकों अनूपशहर, डिबाई ,स्याना ओर ऊंचागाँव आदि में राष्ट्रीय युवा स्वयसेवक व युवा क्लब के सदस्यो एवं गंगा दूत व स्पेयरहेड टीम के द्वारा विभिन्न गतिविधियां करायी गयी।










नेहरु युवा केंद्र फर्रुखाबाद के तत्वाधान में नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत गंगा जयन्ती एवं गंगा सप्तमी के अवसर पर गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गंगा ग्रामों के गंगादूत, स्पेयरहेड टीम के सदस्य एवं अन्य युवाओं ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी के माध्यम से युवाओं को मां गंगा से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया गया। गंगा के महत्व को बताते हुए युवाओं को नमामि गंगे परियोजना से जुड़ने के लिए जागरुक किया गया। इस अवसर पर एम आई सी के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरजाांकर ने भी युवाओं को नमामि गंगे परियोजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया, साथ ही पर्यावरण को संतुलन करने के लिए सामाजिक कार्यों में प्रतिभाग करने के लिए भी सभी का उत्साहवर्धन किया।





नेहरू युवा केन्द्र फतेहपुर के द्वारा आयोजित नमामि गंगे परियोजनान्तर्गत विकास खण्ड भिटौरा के सहिमापुर ग्राम में गंगा दूतों और ग्रामीणों के साथ मिलकर गंगा सप्तमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों को गंगा के अवतरण की जानकारी के साथ गंगा को स्वच्छ और साफ रखने की जानकारी दी गयी तथा गंगा रैली निकालकर गंगा शपथ भी दिलायी गयी। जिसमें सभी लोगों ले संकल्प किया कि न गंगा को गंदी करेंगे और न ही किसी के द्वारा गंदगी करने दी जायेगी।












नेहरू युवा केन्द्र गाजीपुर के तत्वधान में नमामि गंगे अभियान के अन्तर्गत गंगा सप्तमी/गंगा जयंती का आयोजन विभिन्न विकास खण्डों में किया गया। गंगा जयंती के अवसर पर गंगा ग्रामों में गंगा दूतो ने सूर्य नमस्कार, योग, गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान एवं गंगा शपथ का आयोजन किया जिसमें युवाओं के साथ साथ ग्रामीणों ने बढ–चढकर प्रतिभाग किया।









नमामि गंगे परियोजना एवं नेहरु युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 07 और 08 मई को गंगा सप्तमी/गंगा जयंती, के शुभ अवसर पर नमामि गंगे परियोजना के स्पियरहेड टीम के सदस्य कैलाश चंद्र, जितेंद्र कुमार वर्मा, नीतू वर्मा, सुषमा वर्मा, संदीप राजपूत, विपिन राजपूत, प्रियंका राठौर, ललित वर्मा, सपना चौहान, सुधीर कुमार, श्रवण कुमार, रोहित कुमार, राजकिशोर, नेहा वर्मा और नेहा गौतम के नेतृत्व में गंगा दूतो के सहयोग से कुसुमखोर घाट पर गनग शपथ, योग अभ्यास, रैली, स्वच्छता कार्यक्रम इत्यादि करके गंगा जयंती मनाई गयी।









नेहरू युवा केन्द्र कानपुर नगर द्वारा गंगा सप्तमी के विशेष अवसर पर ब्लॉक शिवराजपुर में गंगादूतों एवं छात्र छात्राओं को गंगा स्वच्छता के बारे मे जागरुक किया गया  छात्रों के बीच निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व ऑफलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान अनन्या पाल द्वितीय स्थान सक्षम अग्निहोत्री तथा तृतीय स्थान शोभित कुमार ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में युवाओं के द्वारा भविष्य में गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने का संकल्प लिया गया। दिनांक 08.05.2022 को कल्यानपुर में गंगा स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महिला स्वयंसहायता समूह और महिला यूथ क्लब की सदस्यों द्वारा योग भी किया गया।






नेहरू युवा केन्द्र नमामि गंगे मिर्जापुर में युवाओं की सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा जयंती के उपलक्ष्य में मिर्जापुर के विभिन्न गंगा विकासखण्डों एवं गंगा ग्रामों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कराया गया। गंगा स्वच्छता श्रमदान, गंगा स्वच्छता प्रतिज्ञा का आयोजन छानबे ब्लॉक के गंगा नदी के तट पर स्थित नीबी गहरबार ग्राम में महाश्मसान घाट पर अबिरल गंगा एवं निर्मल गंगा अभियान के तहत प्लास्टिक पॉलीथीन व अपशिष्ट पदार्थ इकट्ठा किया गया।











गंगा जयंती के शुभ अवसर पर जनपद मुरादाबाद में नेहरू युवा केन्द्र मुरादाबाद के द्वारा गंगा ग्राम में स्थानीय गंगादूतों एवं स्पियरहेड टीम के साथ स्वच्छता एवं शपथ कार्यक्रम गंगा मंदिर ग्राम लाडला, स्पियर हेड टीम के सदस्य कामिनी और शीतल की अध्यक्षता में योग कार्यक्रम ग्राम शक्ति खेडा और बेहरोनपुर मांझरा में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान युवाओं को गंगा स्नान के महत्व, प्रदूषण एवं गंगा की वर्तमान स्थिती के बारे में अवगत कराया।










नेहरू युवा केन्द्र प्रतापगढ द्वारा नमामि गंगे परियोजना के अंर्तगत गंगा जयंती के शुभ अवसर पर  हौदेश्वर नाथ घाट गंगा ग्रामों में व अन्य स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी शिवम यादव जी के द्वारा गंगा मां अवतरण  और उनका महत्व मां की स्वच्छता अविरलता एवं जल जीव, वन्य जीव और बढ़ते हुए जल प्रदूषण, लगातार पेड़ो का कटना जल की सबसे बड़ी समस्या बन गई है कैसे गंगा नदी को  कैसे प्रदूषण मुक्त कर सकते है इस पर चर्चा किया गया  साथ ही  गंगा दूतों के द्वारा एक नुक्कड़ की टीम बनाई जाए जिससे जागरूकता का  बेहतर काम कर सकते है  इस पर चर्चा की गई सभी गंगा दूतों के द्वारा घाट की सफाई,योग,सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया।









मां गंगा की स्वच्छता एवं अविररलता को ध्यान में रखते हुए गंगा शपथ लेते और घाटों एवं उसके आस–पास की सफाई करते युवा।

नेहरू युवा केन्द्र प्रयागराज द्वारा नमामि गंगे परियोजना के अन्तर्गत दिनांक 7 और 8 मई को जिला परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में गंगा जयंती/गंगा सप्तमी के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम जैसे योगाभ्यास, गंगा शपथ, स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम आदि गंगा के तट पर का आयोजित किए गए।







नेहरू युवा केन्द्र रायबरेली द्वारा विकास खंड दीनशाह गौरा के प्राथमिक विद्यालय कुरौली बुधकर में गंगा जयंती के उपलक्ष्य में युवाओं के मध्य मां गंगा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजना किया गया। जिसमें मां गंगा के पृथ्वी पर अवतरित होने के उद्देश्य और भागीरथी के प्रयास के बारे में लोगों को बताया। वर्तमान परिस्थिति व भीषण गर्मी में जल की दैनिक उपयोगिता और उसके संरक्षण पर ग्रामीण युवाओं मध्य चर्चा की गयी।









नेहरू युवा केन्द्र, शाहजहाँपुर, द्वारा प्रातः काल घाट स्वच्छता का अभियान चलाया, जिसमे सभी स्वयंसेवियों ने घाट की सफाई में सराहनीय योगदान किया।स्वच्छता कार्यक्रम के बाद नगर आयुक्त श्री संतोष शर्मा (आई.ए.एस.), श्री विकास सिंह क्षेत्रीय वन अधिकारी जलालाबाद, सर्वेयर श्री तेजपाल जी, श्री ज्ञानेश वाजपेई, डॉ आशुतोष शुक्ल आदि की उपस्थिति में समस्त जल तीर्थों को बचाने व उनके तटों पर वृक्षारोपण करने की सभी लोगों को कार्यक्रम संयोजक राकेश कुमार पांडेय ने शपथ दिलाई। इसी क्रम ढाई घाट पर गंगा आरती, दीपदान, गंगा संरक्षण शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया गया जिसमें महन्त, संतों, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों, गंगा दूतों, स्पीयरहेड टीम सदस्यों व गंगा के प्रति श्रद्धा रखने वाले श्रद्धालुओं ने माँ गंगा की आरती व पूजन किया साथ ही उसके संरक्षण हेतु शपथ ग्रहण कर दीपदान भी किया।











उन्नाव जिले के गंगा ग्राम एवं गंगा ब्लाक में भव्य रूप से गंगा जयंती मनाई गई, गंगा घाट एवं स्कूल में स्वच्छता श्रमदान किया गया, गंगा आरती, गंगा स्वच्छता शपथ, गंगा घाट पर योग का आयोजन करवाया गया, गंगा जयंती में सभी कार्यक्रमों में गंगा दूतों, स्पियरहेड टीम के सदस्यों, युवा मंडलों के सदस्यों, शिक्षक आदि लोग उपस्थित थे।






नेहरू युवा केन्द्र वाराणसी द्वारा गंगा जयंती के शुभअवसर पर जनपद वाराणसी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न गंगा ग्रामों में स्थानीय गंगादूतों एवं स्पियरहेड टीम के सदस्यों द्वारा मां गंगा की स्वच्छता के संदेश के साथ अनेक गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें योग एवं प्राणायाम के महत्व पर विस्तृत चर्चा करते हुए निरंतर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे गंगा दूतों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया गया। सभी कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित किए गए।













गंगा जयंती के अवसर नेहरु युवा केन्द्र, मेरठ द्वारा परीक्षितगढ़ में गंगा ग्राम नीमका में यूथ क्लब सदस्यों तथा गंगादूतों द्वारा गंगा तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें जमा हुआ कचरा गंगा नदी के तट से हटाया गया। गंगादूतों और अन्य स्वयंसेवकों को गंगाशपथ भी दिलाई गई एवं वृक्षारोपण का आयोजन किया गया और गंगा वाटिका निर्माण के लिए कुछ स्थानों को चिन्हित कर लिया गया।






नेहरू युवा केन्द्र कन्नौज द्वारा गंगा जयंती  के अवसर गंगा ग्राम राजूपुर में गंगादूतों और युवा मंडलों के सदस्यों के साथ योग एवं सूर्यनमस्कार कार्यक्रम आयोजित कराने के पश्चात गंगा शपथ दिलाई गई, जिला परियोजना अधिकारी द्वारा गंगा को निर्मल एवं अविरल बनाने के लिए युवाओं की सहभागिता को स्पष्ट करते हुए उनके योगदान की अपील की।










# झारखण्ड

गंगा जयंती झारखण्ड के साहिबगंज जिले में दिनांक 07.05.2022 एवं 08.05.2022 को मनायी गयी। इस कार्यक्रम के दौरान बिलजी घाट एवं शकुन्तला घाट पर गंगा सफाई अभियान एवं श्रमदान का आयोजन किया गया। इसमें गंगा दूतों, स्पियरहेड टीम के सदस्यो एवं स्थानीय लोगों ने दोनो घाटों की सफाई की उसके उपरान्त घाट पर उपस्थित सभी लोगो ने गंगा को साफ रखने की शपथ ली। गंगा जयंती कार्यक्रम के दौरान सिद्दू कान्हू स्टेडियम में गंगा दूतों, स्पियरहेड टीम के सदस्यो योग ध्यान एवं सूर्यनमस्कार किया और नमामि गंगे परियोजना में युवाओं की सहिभागिता को और भी ज्यादा प्रभावशाली बनाने के लिए गंगा शपथ ली। इस कार्यक्रम 29 महिलाओं एवं 128 पुरुषों सहित कुल 157 लोगों ने प्रतिभाग किया।
















# प्रेस कटिंग

## वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण सुरक्षा व गंगा के स्वच्छता के लिए ली गयी शपथ

■ **बक्सर (एसएनबी)।**

शनिवार को नमामि गंगे परियोजना अंतर्गत गंगा ग्राम अहिरौली मे गंगा सप्तमी के पूर्व संध्या पर वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण सुरक्षा व गंगा के स्वच्छता हेतु शपथ लिया।

गांव के बीच संत रविदास मंदिर के प्रांगण मे स्थानीय ग्रामवासी के सहयोग से वृक्षारोपण कर गांव के पर्यावरण को स्वच्छ रखने हेतु संकल्प लेकर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का कार्य किया जायेगा। गंगा की स्वच्छता हेतु शपथ के दौरान ग्रामवासी गंगा मे साबुन सर्फ का प्रयोग नही करने का, कूड़ा कचरा व गंदगी नही करने का संकल्प लिया। जिसमे लोगों से स्वच्छ ग्राम स्वच्छ गंगा की ओर एक कदम बढाते हुये नागरिकों को




शपथ के साथ वृक्षारोपण करते नमामि गंगे से जुड़े लोग।

जागरुक किया गया। कार्यक्रम मे बृज किशोर उपाध्याय , श्याम नारायण राम, चौथी राम संघ मित्र गौतम ,संत नथुनी दास ,धन लाल राम ,सोमारू राम, नथुनी राम, भोला दास, साई हीरा दास, हरेराम, भुनेश्वर दास, रौशन दास, सुरेश कर्मी, पंकज राम, नेता मांझी, रेवती राम, मन्नू गोंड, भुवनेश्वर राम, नथुनी राम, मुन्ना राम, भीम कमकर, सिपाही यादव समेत ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सीढ़ी घाट के समीप चला स्वच्छता अभियान

**बख्तियारपुर( आससे )।** गंगा जयंती के उपलक्ष्य में नेहरू युवा केन्द्र बख्तियारपुर स्थित सीढ़ी घाट के निकट स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके



पर नेहरू युवा केन्द्र के बख्तियारपुर प्रखंड के युवा समन्वयक प्रियरंजन सिंह ने बताया कि समय–समय यपर नेहरू युवा केन्द्र द्वारा स्थानीय नागरिकों में अपने आस–पास तथा शहर की गलियों तथा सड़कों पर व्याप्त गंदगी को स्वच्छ बनाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के मुख्य रूप से आजाद पिंटू दिनेश, एवं हरी राज शामिल हुए तथा लोगों को स्व्छता अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## रक्तदान जीवन का सर्वोत्तम उपहार है : तारकिशोर प्रसाद

**पटना ( आससे )।** प्रथमा ब्लड बैंक की ओर से विश्व थिलीसिसिया दिवस के पर रक्तदान शिविर सह मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा – रक्तदान जीवन का सर्वोत्तम उपहार है।

डी जी सुशील कुमार ने रक्तदान पूर्व मंत्री व विधायक नितीश मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार कन्हैया भेलारी, प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम



सम्मान समारोह का आयोजन ओशवाल भवन पटना के सभागार मे किया गया। इस अवसर राज्य के उप किया। गुरु रहामान ने 52 वार रक्तदान करने का रिकार्ड बनाया है द्य इस मौके पर भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, जी, नेहरू युवा केंद्र पटना के रवि प्रकाश, यूथ एजेंडा के काजल समेत सैंकड़ो की संख्या मे रक्तवीरो ने शिरकत किया।

दैनिक भास्कर बक्सर 08-05-2022

# पौधरोपण कर गांव के पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया



सिटी रिपोर्टर | बक्सर

नमामि गंगे परियोजना अंतर्गत गंगा ग्राम अहिरौली मे गंगा सप्तमी के पूर्व संध्या पर वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण सुरक्षा व गंगा के स्वच्छता के लिए शपथ लिया। गांव के बीच संत रविदास मंदिर के प्रागंण मे स्थानीय ग्रामवासी के सहयोग से वृक्षारोपण कर गांव के पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए संकल्प लेकर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का कार्य किया जाएगा। गंगा की स्वच्छता के लिए शपथ के दौरान ग्रामवासी गंगा मे साबुन सर्फ का प्रयोग नहीं करने का, कूड़ा कचरा व गंदगी नही करने का संकल्प लिया। जिसमें लोगों से स्वच्छ ग्राम स्वच्छ गंगा की ओर एक कदम बढ़ाते हुए नागरिकों को जागरुक किया गया। कार्यक्रम में बृज किशोर उपाध्याय , श्याम नारायण राम ,चौथी राम संघ मित्र गौतम ,संत नथूनी दास ,धन लाल राम, सोमारू राम, नथुनी राम, भोला दास, साईं हीरा दास, हरेराम, भुनेश्वर दास, रौशन दास, सुरेश कर्मी, पंकज राम, नेता मांझी, रेवती राम, मन्नू गोंड, भुवनेश्वर राम, नथुनी राम, मुन्ना सिपाही यादव समेत ग्रामवासी उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर भागलपुर 08-05-2022

## गंगा स्वच्छता अभियान चलाया

**नवगछिया** | नेहरू युवा केन्द्र भागलपुर के तत्वाधान में नमामी गंगे परियोजना के तहत गंगा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर युवाओं ने गंगा को स्वच्छ रखने की शपथ भी ली। मौके पर इस्माइलपुर प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक राहुल कुमार राज ने लोगों को गंगा प्रदूषण को रोकने का एवं साबुन, सेंपू, डिटॉर्जन पाउडर का गंगा में उपयोग नहीं करने की सलाह दी। जबकि गंगा के जलीय जीवों के बारे में राहुल ने कहा कि जलीय जीव हमारी गंगा को स्वच्छ रखने में मदद करते हैं। अतः उनकी रक्षा करना हम लोगों का कर्तव्य है।

## युवाओं ने चलाया गंगा स्वच्छता अभियान

**नवगछिया.** नेहरू युवा केंद्र भागलपुर के तत्वावधान में नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा स्वच्छता अभियान चलाया गया. इस अवसर पर युवाओं ने गंगा को स्वच्छ रखने की शपथ भी ली. मौके पर इस्माइलपुर प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक राहुल कुमार राज ने लोगों को गंगा को प्रदूषित होने से बचाने के लिए साबुन, शैंपू, डेटर्जेंट पाउडर का गंगा में उपयोग नहीं करने की सलाह दी. मौके पर गंगादूत और युवा मंडल के साथी मिथिलेश कुमार मिट्टू, टाइगर कुमार, राजेश कुमार, दीपक, वरुण, मुरारी आदि मौजूद थे.

# गंगा सप्तमी से पहले चलाया स्वच्छता अभियान

**संसू, नवगछिया :** गंगा सप्तमी से पहले शनिवार को नेहरू युवा केंद्र भागलपुर के तत्वावधान में नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत गंगा सप्तमी एवं गंगा जयंती के पूर्व गंगा स्वच्छता अभियान चलाया गया। श्रद्धालु ज्यादा संख्या में गंगा स्नान करने पहुंचे थे। इसी मौके पर इस्माइलपुर प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक राहुल कुमार राज ने लोगों को गंगा प्रदूषण को रोकने का और साबुन, शैंपू का गंगा में उपयोग नहीं करने का संकल्प दिलाया। डाल्फिन का महत्व बताकर इसकी रक्षा की बात रखी। गंगादूत, युवा मंडल के साथी लोग मौजूद रहे।

# युवाओं ने गंगा जयंती पर अविरल गंगा निर्मल गंगा का लिया संकल्प

दैनिक जागरण खगड़िया-08.05.2022

**जासं, खगड़िया :** 'अविरल गंगा, निर्मल गंगा' के ध्येय के साथ खगड़िया के गांव-गांव में गंगा चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में गोगरी के बौरना गांव में गंगा चौपाल आयोजित कर अविरल गंगा, निर्मल गंगा का संकल्प लिया गया।

इस मौके पर नदी को प्रदूषण मुक्त रखने को लेकर लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाने की अपील की गई। गंगा जयंती पर आयोजित गंगा चौपाल को संबोधित करते हुए नमामि गंगे परियोजना के जिला परियोजना अधिकारी रजनीश कुमार ने कहा कि खगड़िया के बड़े भू-भाग से होकर गंगा नदी बहती है। जिले के सदर समेत मानसी, गोगरी और परबत्ता प्रखंड होकर गंगा नदी गुजरती है। पश्चिम चंपारण से निकलकर बूढ़ी गंडक खगड़िया के ही गोगरी के पास गंगा से संगम करती है। लेकिन आज कई कारणों से गंगा नदी प्रदूषण का शिकार बन चुकी है। इसको लेकर अब सजग और सचेत रहने की जरूरत है।




अविरल गंगा, निर्माल गंगा का संकल्प लेते युवा • जागरण

गंगा को प्रदूषण से बचाने के लिए हमें परंपरागत ज्ञान विज्ञान का उपयोग करना होगा। गंगा के किनारे-किनारे बड़ी संख्या में पौधारोपण करना होगा। गंगा किनारे के पेड़-पौधों को नुकसान न पहुचाएं। नदी में अगरबत्ती, पूजन सामग्रियों को प्रवाहित न करें। प्रतिमा विसर्जन भी नदी में न करें। इस मौके पर समाजसेवी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में गंगा दूतों का चयन किया गया। युवा क्लब का गठन भी किया गया।

इस मौके पर गोगरी प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक शुभम कुमार सुमन, खगड़िया प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नीरज कुमार, गंगा दूत गौतम सिंह, दौलत कुमार सिंह, सुमन कुमार सिंह, प्रभात कुमार, राजीव कुमार सिंह, मिथुन कुमार सिंह, नितिन कुमार, मोलू कुमार, सुधा कुमार आदि मौजूद थे।

हिंदुस्तान खगड़िया -08.05.2022

# गंगा चौपाल में युवाओं ने ली स्वच्छता की शपथ

खगड़िया, एक प्रतिनिधि। नेहरू युवा केंद्र खगड़िया के तत्वावधान में गंगा जयंती पर विशेष कार्यक्रम के तहत शनिवार को गोगरी प्रखंड के बौरने में गंगा चौपाल आयोजित हुई। इस दौरान गंगा दूत का चयन व युवा क्लब का गठन किया गया। इस दौरान नमामि गंगे परियोजना के जिला परियोजना अधिकारी रजनीश कुमार द्वारा उपस्थित गंगा दूत एवं युवाओं को गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त एवं अविरल बनाने के लिए स्वच्छता शपथ भी दिलाया गया। इस कार्य को सफल बनाने में गोगरी प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक शुभम कुमार सुमन, खगड़िया प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नीरज कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। बौरने पंचायत के समाजसेवी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि गंगा नदी के संरक्षण एवं उन्हें प्रदूषण मुक्त को लेकर कार्यक्रम सराहनीय है। मौके पर गंगा दूत गौतम सिंह, दौलत कुमार सिंह रहे।



शनिवार को बौरने गांव में गंगा स्वच्छता की शपथ लेते युवा।

# गंगा जयंती पर नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने का लिया गया संकल्प

## बड़हरा के महुली घाट पर साफ-सफाई कर लोगों को किया जागरूक

सिटी रिपोर्टर | बड़हरा

गंगा जयंती पर नमामि गंगे परियोजना, नेहरू युवा केंद्र भोजपुर ने महुली गंगा घाट पर विभिन्न कार्यक्रम किया। मां गंगे युवा क्लब, कुल्दरिया ने यह कार्यक्रम कराया, मुख्य अतिथि नरगदा पंचायत की मुखिया नीता देवी थीं। कार्यक्रम में योगा, पौधारोपण, गंगा शपथ व जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों ने दुकानदारों और श्रद्धालुओं को गंगा को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक भी किया। मुखिया ने कहा कि आज गंगा जयंती पर हम सभी ने गंगा नदी को स्वच्छ रखने का शपथ लिया है। उसका पालन भी करना होगा। पूर्व पंसस सदस्य संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि नमामि गंगे के द्वारा चलाए गए अभियान में गंगा ग्राम के साथ-साथ गांवो के युवाओं की सहभागिता होनी चाहिए। कार्यक्रम का नेतृत्व स्पेयर हेड मनीष कुमार सिंह व चंदन कुमार सिंह ने किया। मौके पर विकास सिंह, कुंदन सिंह, विक्की सिंह, रवि सिंह, सचिन सिंह ,विराट सिंह, धनु सिंह, राधेश्याम सिंह, बबलू सिंह, रंजन सिंह, बंटी सिंह, रीना देवी, अभिषेक सिंह, अमन सिंह, सुनील शर्मा, इंद्रजीत सिंह समेत अन्य थे।


बड़हरा के महुली घाट पर साफ सफाई करते लोग।

# बूढ़ी गंडक किनारे चलाया स्वच्छता अभियान

**चकमेहसी, एक संवाददाता।** एकता युवा मंडल सैदपुर के तत्वावधान में युवाओं की टीम ने रविवार को गंगा जयंती मनाया गया। इस दौरान उन्होंने बूढ़ी गंडक के किनारे स्वच्छता अभियान चलाने के साथ वृक्षारोपण भी किया। इसके साथ ही नदी को गंदगी से बचाने के लिए लोगों को जागरूक भी किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्याणपुर के स्वयंसेवक मो. एजाज ने की व संचालन एकता युवा मंडल सैदपुर के सचिव राजा कुमार ने किया। इस दौरान मो. एजाज ने बताया कि 7 और 8 मई को नेहरू युवा केंद्र संगठन की ओर से पूरे देश में गंगा जयंती मनाने के साथ लोगों को नदी किनारे कूड़ा कचरा न फैलाने के लिए जागरूक करने का अभियान चलाने के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

युवाओं की टोली के साथ नदी के किनारे स्वच्छता अभियान चलाने के साथ पौधरोपण किया गया। मौके पर युवाओं ने अपने गांव, समाज व ग्रामीण क्षेत्र में नदी को साफ सुथरा




चकमेहसी के सैदपुर स्थित बूढ़ी गंडक नदी किनारे पौधा लगाते युवा।

रखने के लिए लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विश्वकांत कुमार, दीपक कुमार, विक्रम कुमार, प्रिंस कुमार, सचिन कुमार, मो. सोनू, संजीत कुमार, आफताब, रितिक कुमार, मो. कासिम, कुमार, गौरव कुमार आदि शामिल थे।

# सैदपुर में एकता युवा मंडल के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को किया जागरू

**दैनिक नूतन संध्या / कल्याणपुर**

कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के सैदपुर पंचायत में नेहरू युवा केंद्र समस्तीपुर के अंतर्गत एकता युवा मंडल सैदपुर के द्वारा गंगा जयंती मनाया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मो. एजाज ने किया व नेतृत्व एकता युवा मंडल सैदपुर के सचिव राजा कुमार ने किया। नमामि गंगे कार्यक्रम में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत सैदपुर पंचायत के बूढ़ी गंडक किनारे स्वच्छता अभियान पौधारोपण किया गया मो. एजाज ने बताया कि 7 मई और 8 मई को नेहरू






युवा केंद्र संगठन के द्वारा पूरे भारत में गंगा जयंती मना कर लोगों को नदी किनारे कूड़ा कचरा न फैलाने और उन्हें जागरूक करने के लिए युवाओं की टोली के साथ नदी किनारे वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को शपथ दिलाया गया और उन्होंने संकल्प लिया कि हम लोग अपने गांव समाज के ग्रामीण क्षेत्र में जाकर गंगा के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे मौके पर युवा समाजसेवी विश्वकांत कुमार मंडल के सदस्य दीपक कुमार, विक्रम कुमार, प्रिंस कुमार, सचिन कुमार, मो0 सोनू, संजीत कु मो0 आफताब, रितिक कुमार, कासिम, अंशु कुमार, गौरव कुमार लोग उपस्थित थे।

## तिगरी गंगा घाट पर की मां गंगा की आरती

आर्यावर्त केसरी ब्यूरो



**⊙ खास बात**

**मां गंगा को स्वच्छ व अविरल बनाएं रखने के लिए लोगों को किया जागरूक**

**तिगरी।** नेहरू युवा केंद्र अमरोहा एवं नमामि गंगे के संयुक्त तत्वाधान में गंगा घाट किनारे मां गंगा की आरती की गई। तत्पश्चात योग किया। लोगों को गंगा को स्वच्छ व निर्मल बनाने के लिए जागरूक किया। सोमवार की सुबह नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी सुश्री आभा सोनी के निदेर्शानुसार और नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी सचिन चौधरी के नेतृत्व में गंगा सप्तमी के शुभ अवसर पर गंगा आरती और योगा कार्यक्रम मां गंगा के पवित्र पावन तिगरी घाट पर आयोजित किया गया। जहाँ योगा कार्यक्रम में कठिन से कठिन आसान लगाकर तिगरीवासियों और गंगास्नान के लिए आए हुए श्रद्धालुओं को भी सम्मलित कर स्वस्थ जीवन जीने के प्रति, मां गंगा को स्वच्छ और अविरल बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। गंगा के पवित्र घाटों की स्वच्छता को सुनिश्चित कर गंगा आरती का आयोजन भी किया गया। इस दौरान स्पीयर हेड एवं प्रधानाध्यापक जोगिंदर सिंह, सचिन चौधरी, गंगा दूत मनोज, अमित, राष्ट्रीय युवा, स्वयंसेवक दीपक, पुष्पेंद्र आदि मौजूद रहे।

## गंगा सप्तमी के शुभ अवसर पर किया योगा

**⊙ खास बात**

**प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवन में योग के महत्व को समझाया**

**आर्यावर्त केसरी ब्यूरो**

**अमरोहा।** नेहरू युवा केंद्र अमरोहा एवं नमामि गंगे के संयुक्त तत्वाधान में मॉडल प्राईमरी स्कूल तिगरी में स्कूली बच्चों ने गंगा सप्तमी के शुभ अवसर पर सूर्य नमस्कार योगा किया।

नेहरू युवा केंद्र अमरोहा की जिला युवा अधिकारी सुश्री आभा सोनी के निदेर्शानुसार और नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी सचिन चौधरी के नेतृत्व में शनिवार को गंगा सप्तमी के शुभ अवसर पर सूर्य नमस्कार योगा कार्यक्रम मॉडल प्राइमरी स्कूल तिगरी में आयोजित किया गया। योगा कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के योग आसन कर-के यह सुनिश्चित किया गया कि आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने में गंगा ग्राम तिगरीवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। योग के प्रति



जागरूक किया गया। स्वस्थ जीवन में योग के महत्व को प्रतिभागियों को समझाते हुए योग के प्रचार-प्रसार करने के लिए संदेश भी दिया गया।

इस मौके पर नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी सचिन चौधरी ने कहा कि योगा करने से शरीर स्वथ्य रहता है। इतना ही नहीं योग हमारे जीवन का आधार है। उन्होंने मौजूद लोगों से मां गंगा को स्वच्छ व निर्मल बनाने का आवाहन भी किया।

इस दौरान प्रधानाध्यपक जोगिंदर सिंह, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक महेश, पुष्पेंद्र, माध्यमिक तिगरी स्कूल के विद्यार्थी और तिगरी के गंगा दूत मौजूद रहे।

# नेहरू युवा केन्द्र ने गंगा तट पर कराए योग

### जनमानस से गंगा की स्वच्छता का किया आह्वान



**गजरौला।** नेहरू युवा केंद्र अमरोहा एवं नमामि गंगे के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को गंगा सप्तमी के अवसर पर गंगा आरती एवं योगा कार्यक्रम, गंगाधाम तिगरी घाट पर आयोजित किया गया। जिला परियोजना अधिकारी सचिन चौधरी ने जनमानस से आह्वान किया कि गंगा को साफ, स्वच्छ बनाए रखने में अपना योगदान दें। इस दौरान योग प्रशिक्षक ने योगा कार्यक्रम में कठिन से कठिन आसन लगाकर तिगरी वासियों एवं गंगा स्नान के लिए आए हुए श्रद्धालुओं को लाभ पहुंचाया। प्रशिक्षक ने कहा कि यदि नित्य प्रति योगाभ्यास करने से मानव जीवन स्वस्थ रहता है और रोग दूर होते हैं। उन्होंने योग शिविर में तिगरी के स्थानीय निवासियों को भी सम्मिलित कर स्वस्थ जीवन जीने के प्रति प्रेरित किया, वहीं सभी से मां गंगा को स्वच्छ एवं अविरल बनाए रखने के लिए जागरूक किया। इससे पूर्व गंगा की आरती की गई। शंखनाद और गंगा मैया के जयकारों से तिगरी गंगा तट गूंज उठा। इस मौके पर स्पीयर हेड एवं मॉडल प्राथमिक विद्यालय तिगरी के प्रधानाध्यापक जोगिन्द्र सिंह, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे सचिन चौधरी, गंगा दूत मनोज, अमित, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक दीपक, पुष्पेंद्र आदि की सहभागिता रही।

# गंगा सप्तमी के शुभ अवसर पर सूर्य नमस्कार योगा कार्यक्रम का हुआ अयोजन

ष्णवी ज्ञान प्रसार

अमरोहा : नेहरू युवा केंद्र अमरोहा एवं नमामि गंगे के संयुक्त तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी सुश्री आभा सोनी के निर्देशानुसार, नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी, सचिन चौधरी के नेतृत्व में, गंगा सप्तमी के शुभ अवसर पर सूर्य नमस्कार योगा कार्यक्रम, मॉडल प्राइमरी स्कूल तिगरी में आयोजित किया गया। योगा कार्यक्रम



मे विभिन्न प्रकार के योग आसन करके यह सुनिश्चित किया गया की आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने मे गंगा ग्राम तिगरी वासियों को महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। योग के प्रति जागरूक किया गया, स्वस्थ जीवन मे योग के महत्व को प्रतिभागियों को समझाते हुए योग के प्रचार प्रसार करने हेतु संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) श्री सचिन चौधरी, प्रधानाध्यपक श्री जोगिंदर सिंह जी, राष्ट्रीय युवा स्वम् सेवक महेश, पुष्पेंद्र, माध्यमिक तिगरी स्कूल के विद्यार्थी एवं तिगरी के गंगा दूतो की सहभागिता रही।

# गंगा की स्वच्छता सभी की जिम्मेदारी

**अमृत विचार, बदायूं**

गंगा जयंती के अवसर पर नमामि गंगे परियोजना, नेहरू युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से दो दिवसीय कार्यक्रम शुरू किया गया है। विकास खंड उझानी, उसावां, सहसवान में योग और पौधारोपण किया गया। गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। युवा और ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कहा कि मां गंगा को निर्मल व स्वच्छ बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

भागीरथी घाट कछला पर स्वच्छता अभियान चलाया गया और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। गंगा तट की सफाई की गयी। शाम के समय मां गंगा की महाआरती का आयोजन किया गया। गंगा आरती में उपस्थित गंगा दूतों, स्पेयर हेड टीम के सदस्यों युवा और जनसमूह को नमामि गंगे परियोजना के डीपीओ अनुज प्रताप सिंह ने गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई। गंगा समग्र के प्रांतीय सदस्य अशोक तोमर ने मां गंगा के धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर डीसीबी चेयरमैन उमेश सिंह राठौर, प्रसून सक्सेना, अजय तोमर, ओमपाल, वेदपाल कठेरिया, निखिल, अनिल, विवेक, आदित्य, संजीव श्रीवास्तव, डेविड तोमर, प्रशांत चौहान, सुखवीर सिंह चौहान, भुवनेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।



गंगा तट की सफाई के बाद स्वच्छता की शपथ लेते लोग। • अमृत विचार

# मां गंगा को निर्मल व स्वच्छ बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी: डीपीओ

**बदायूं(बरेली की आवाज)**। नमामि गंगे परियोजना नेहरू युवा केंद्र बदायूं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वधान में गंगा जयंती के पावन अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस विकासखंड उझानी उसावां एवं सहसवान में योग पौधारोपण का आयोजन किया गया इस अवसर पर सभी युवाओं एवं ग्राम वासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम के दूसरे दिन विकासखंड उझानी स्थित भागीरथी घाट कछला पर वृद्ध स्तर पर स्वच्छता अभियान एवं गंगा स्वच्छता की शपथ कराई गई इसमें वहां उपस्थित सभी श्रद्धालु गंगा दूत, स्पेयर टीम के सदस्य उपस्थित रहे। इसके उपरांत साईं काल में गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर मां गंगा की महा आरती का आयोजन किया गया। गंगा आरती में उपस्थित गंगा दूतों, स्पेयर हेड टीम के सदस्यों युवाओं व जनसमूह को नमामि गंगे परियोजना के डी पी ओ अनुज प्रताप सिंह ने गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई। गंगा समग्र के प्रांतीय सदस्य अशोक तोमर जी ने माँ गंगा के धार्मिक एव आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डी सी बी चेयरमैन उमेश सिंह राठौर रामू सिंह, प्रसून सक्सेना ,अजय तोमर ,ओमपाल , वेदपाल कठेरिया जी , निखिल ,अनिल ,विवेक , आदित्य ,संजीव श्रीवास्तव ,डेविड तोमर प्रशान्त चौहान, सुखबीर सिंह चौहान, भुवनेश्वर सिंह, योगेश प्रताप ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान ,वेद पाल सिंह,सहित पूरे जिले के गंगा दूत एवं गंगा प्रेमी उपस्थित रहे।



गाधी प्रतिमा पर लटकी हुई है। जनता चौपाल लगाकर लोगों को कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

# गंगा सप्तमी, चलाया स्वच्छता अभियान

अमर प्रभात संवाद

**कछला।** गंगा समग्र द्वारा गंगा सप्तनी के अवसर पर भागीरथ घाट कछला पर गंगा स्वच्छता अभियान चलाया गया। लोगों को पत्रक वितरित कर जागरुक किया गया। गंगा समग्र ब्रजप्रान्त के प्रांतीय सदस्य अशोक तोमर ने गंगा सप्तमी पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तिथि का माँ गंगा के अवतरण से विशेष सम्बंध है। उन्होंने कहा कि हमारे पुराणों में वर्णित कथाओं के अनुसार राजा भगीरथ ने अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए माँ गंगा को पृथ्वी पर लाने के लिए घोर तपस्या की।उनकी तपस्या से माँ गंगा प्रसन्न हुई



और पृथ्वी की ओर चल पड़ी। तब उनके तीव्र वेग को भगवान शिव ने अपनी जटाओं से रोक दिया। गंगा को मुक्त करने के लिए भगवान शिव की राजा भगीरथ ने तपस्या की। भगवान शिव ने माँ गंगा को अपनी जटाओं से एक छोटे स्वरूप में मुक्त किया। उस दिन वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि ही थी। जिस कारण माँ गंगा का शिव जटाओं से मुक्ति दिवस को गंगा सप्तमी पर्वके रूप में अनवरत मनाया जाता है।

उसके बाद उपस्थित सभी गंगा भक्तों से अपील करते हुए कहा कि मां गंगा पृथ्वी पर तबसे लेकर आज तक सम्पूर्ण सृष्टि का पोषण करने के साथ अपनी निर्मल धारा में जनजन के पाप धोती आ रही हैं।लेकिन आज माँ गंगा का अस्तित्व हम सबके अविवेकपूर्ण व्यवहार के कारण संकट में है। माँ गंगा को स्वच्छ ,निर्मल और अविरल बनाने के लिए आम जनमानस को आगे आने और बचाने केलिए सामुहिक प्रयास की जरूरत है, ये प्रयाश गंगा ही नहीं अन्य नदियों ,पोखरों और तालाबों को भी बचाने के लिए करना होगा यदि गंगा को बचानाहै तो हमें अन्य नदियों केलिए भी बचाने केलिए सततप्रयास करने की जरूरत है। जिला परियोजना प्रबंधक नमामि गंगे अनुज प्रताप सिंह ने सभी उपस्थित गंगा प्रेमियों को गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई एवम गंगा में पत्री ,पूजा सामग्री या अन्य कोई अप्सिस्ट पदार्थ गंगा में प्रभाहित होने से रोकना है। इस अवसर पर प्रसून सक्सेना ,अजय तोमर ,ओमपाल , वेदपाल कठेरिया , निखिल ,अनिल ,विवेक , आदित्य ,संजीव श्रीवास्तव ,डेविड तोमर समेत अनेक गंगा प्रेमी उपस्थित रहे।

## हुसैनपुर में विवाहिता की फांसी पर लटकने से मौत

अमर प्रभात ब्यूरो

बदायूं। शनिवार की देर रात किन्ही कारणों से एक महिला ने फांसी के फंदे पर लटककर अपनी जान देदी। सुबह शव लटकता मिलने से

## ...ौस के बाद बढ़े दाम

...पये का हुआ इजाफा

# गंगा तट पर स्वच्छता का संकल्प

बलिया, संवाददाता। गंगा सप्तमी के अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में रविवार को शहर के महावीर घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। पतितपावनी की पूजा-अर्चना व आरती के बाद युवाओं ने नदी को साफ रखने और इसके प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। स्पेयरहेड टीम के जिला प्रशिक्षक हिमांशु गुप्त के नेतृत्व में गंगा दूतों ने घाट की सफाई के साथ ही सूर्य नमस्कार व योगा किया।



गंगा नदी के महावीर घाट पर रविवार को पतितपावनी को स्वच्छ रखने की शपथ लेकर नेहरू युवा केन्द्र के सदस्य व अन्य लोग।

नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी सलभ उपाध्याय ने कहा कि गंगा को स्वच्छ, निर्मल व अविरल बनाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। पंकज कुमार, परमेश्वर, अजीत, गोपी, राजा गोंड, राजा पासवान, अर्जुन, दीपू, राजीव, राहुल, मंटू, सिपू आदि थे।

# गंगा स्वच्छता में बढ़ चढ़कर भाग लें युवा

**फर्रुखाबाद (एसएनबी)।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत गंगा जयंती के अवसर पर एमआईसी फतेहगढ़ में गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे नमामि गंगे निहारिका पटेल के निर्देशन में तमाम गंगा दूतों व युवाओं ने प्रतिभाग किया।

**एमआईसी फतेहगढ़ में गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम**

एमआईसी के प्रधानाचार्य ले0 गिरिजा शंकर ने युवाओ को जागरूक करते हुये कहा कि प्रत्येक युवा अपने जीवन में सामाजिक कार्यों में प्रतिभाग करें। पर्यावरण को संतुलित करने के लिये युवा अपना लक्ष्य निर्धारित करें। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने कहा कि गंगा को स्वच्छ रखने के लिये युवाओं की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने 10 युवाओं को चिंहित किया। पर्यावरण संतुलन एवं गंगा संरक्षण करने के लिये उत्कृष्ट कार्य करेंगे। गोष्ठी के माध्यम से सभी घाटों का संरक्षण, वन्य जीवों का संरक्षण आदि पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में शांतनु कटियार, अनिल व अन्य युवा मौजूद रहे।



फर्रुखाबाद : कार्यक्रम में शामिल युवा। फोटो : एसएनबी

# गंगा जयंती पर दिया माँ गंगा संरक्षण का संदेश



यूथ इण्डिया संवाददाता,

**पर्यावरण संतुलन के लिए अपने लक्ष्य को निर्धारित करें युवा**

**फर्रुखाबाद।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में नमामि गगे परियोजना के अंतर्गत गंगा जयंती के अवसर पर एमआईसी फतेहगढ़ में गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला परियोजना अधिकारी नमामि गगे निहारिका पटेल के निर्देशन में कई गंगा ग्रामों के गंगा दूत, स्पेयरहेड टीम के सदस्य एवं अन्य युवाओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। एम आई सी के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरजाशंकर जी ने युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि प्रत्येक युवा अपने जीवन में में व्यक्तित्व जीवन के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में प्रतिभाग करें। पर्यावरण को संतुलित करने के लिए सभी युवा अपना लक्ष्य निर्धारित करें। माँ गंगा को संरक्षण करने के लिए सभी युवा अपने-अपने क्षेत्र में नमामि गंगे से जुड़े कार्यों को अवगत कराएं एवं उनमें दिए हुए दिशा निर्देशों का पालन करें। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गगे निहारिका पटेल ने कहा कि मां गंगा को स्वच्छ रखने के लिए आज प्रत्येक युवा की भागीदारी अति आवश्यक है। सभी युवा अपने जीवन में उत्कृष्ट कार्य करते हुए इस अभियान से जुड़ें। उन्होंने कहा कि ऐसे 10 युवाओं को चिन्हित किया जाएगा जो पर्यावरण संतुलन एवं गंगा को संरक्षण करने के लिए उत्कृष्ट कार्य करेंगे। उत्कृष्ट कार्य के लिए युवाओं को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में कई युवाओं ने गंगा संरक्षण पर अपने विचार प्रस्तुत किये। गोष्ठी के माध्यम से सभी युवाओं के मध्य गंगा सरक्षंण से जुड़े कार्य से जैसे- स्वच्छता अभियान, घाटों का संरक्षण, वन्यजीवों का संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान आदि पर विचार विमर्श एवं चर्चा की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवाओं को गंगा संरक्षण कि शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम मे शान्तनु कटियार, अनिल एवं अन्य युवा साथी उपस्थित रहे। नमामि गगे का अभियान आगे बढ़ाने की बात कही गई।

# गंगा जयंती के अवसर पर एमआईसी में हुई गोष्ठी



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत गंगा जयंती के अवसर पर एमआईसी फतेहगढ़ में गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे निहारिका पटेल के निर्देशन में कई गंगा ग्रामों के गंगा दूत, स्पेयरहेड टीम के सदस्य एवं अन्य युवाओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। एमआईसी के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरजाशंकर ने युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि प्रत्येक युवा अपने जीवन में व्यक्तित्व के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में प्रतिभाग करे। पर्यावरण को संतुलित करने के लिए सभी युवा अपना लक्ष्य निर्धारित करें। मां गंगा को संरक्षित करने के लिए सभी युवा अपने-अपने क्षेत्र में नमामि गंगे से जुड़े कार्यों को अवगत कराएं एवं उनमें दिए हुए दिशा-निर्देशों का पालन करें। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे निहारिका पटेल ने कहा कि मां गंगा को स्वच्छ रखने के लिए आज प्रत्येक युवा की भागीदारी अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे 10 युवाओं को चिन्हित किया जाएगा जो पर्यावरण संतुलन एवं गंगा को संरक्षण करने के लिए उत्कृष्ट कार्य करेंगे। उत्कृष्ट कार्य के लिए युवाओं को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवाओं को गंगा संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में शान्तनु कटियार, अनिल एवं अन्य युवा साथी उपस्थित रहे।

डिवाइन इंडिया (हिन्दी दैनिक)

## गंगा सप्तमी गंगा जयंती के अवसर पर किरन मैरिज हॉल साहिमापुर ब्लॉक भिटौरा में कार्यक्रम का अयोजन किया गया



# फतेहपुर समाचार

(बिन्दकी/खागा)

## गंगा को साफरखना हम सबका कर्तव्य: कर्नल

स्वतंत्र भारत संवाददाता, फतेहपुर। नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान मे नमामि गंगे परियोजना के गंगा सप्तमी गंगा जयंती के अवसर पर साहिमापुर स्थित एक मैरिज हॉल में कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे रिटायर कर्नल अरुण कुमार द्विवेदी को सांसद प्रतिनिधि अमित कुमार सिंह सेंगर ने शॉल द्वारा सम्मानित किया। जिला परियोजना अधिकारी ज्ञान प्रकाश तिवारी ने कहा कि मां गंगा की सेवा करना उनके भाग्य में है इसलिए सबके बीच मां गंगा की सेवा के लिए उपस्थित हुआ हूँ। गंगा नदी का न सिर्फ सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व है बल्कि देश की ४० प्रतिशत आबादी गंगा नदी पर निर्भर है। अगर इसे साफकरने में सक्षम हो गए तो यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने गंगा नदी के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि गंगा सिर्फएक नदी नहीं है, ये हमारी सांस्कृतिक मान्यताओं से जुडी है, हमेशा से सुनते आये हैं कि गंगा में डुबकी लगाने से सारे पाप धुल जाते हैं लेकिन हमने अपने पापों के अलावा सब कुछ (मैल, गन्दगी) इस गंगा में प्रवाहित करना प्रारम्भ कर दिया। ऐसा करते-करते आज गंगा इतनी मैली हो गई है कि इसका गंगा होने का अस्तित्व ही समाप्त होता जा रहा है। आज गंगा सिर्फ कूडा-कचरा बहाकर ले जाने वाली नाला बन के रह गई है। जो हमारे पापों को धुलने की क्षमता रखती थी, आज वो हमारे कारण खुद ही मैली हो गई है। जिस गंगा पर हमें गर्व होता था, आज उसी गंगा को हमारी वजह से लज्जित होना पड़ रहा है चूँकि गंगा का ये हाल हमारी वजह से हुआ इसलिये हमें स्वयं गंगा के शुद्धिकरण के विषय में तुरन्त महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे। ये बहुत ही चिन्ताजनक विषय है इसलिये इसको प्राथमिकता देना चाहिए।

कार्यालय प्रभारी श्वेता साहू ने कहा कि नदी को मोक्षदायिनी कहते है लेकिन सच्चाई ये है कि गंगा को वर्षों से खुद अपनी मुक्ति की तलाश है. एक नदी की सफाई का अभियान उसका जीवन लौटाने का अभियान हम सबको मिलकर चलाना होगा। गंगा नदी में प्लास्टिक कूडा, मूर्तियां, आदि न डाले खुले में शौच न करें। ऐसा कोई भी कार्य न करें जिससे गंगा प्रदूषित हो क्योंकि गंगा मां हम सबकी है इसे स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है। इन सबसे उत्साहित होकर लोगो ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और गंगा नदी को साफरखने का संकल्प लिया। साथ ही गंगा जागरूकता रैली निकाल कर और लोगो को इस अभियान से जोडा गया। इस दौरान प्रमुख रूप से सुशील कुमार बाजपाई, स्वयंसेवक दिलीप पाल, शैलेंद्र सिंह, अनुराग, रुचि देवी, दिव्यांका, पूजा आदि उपस्थित रहीं।




## घाटों पर गंगा दूतों ने मनाई गंगा जयंती

भास्कर ब्यूरो

**हरदोई।** गंगा की महत्वता को बताने व उसे याद रखने के लिए नमामि गंगे परियोजना तथा नेहरु युवा केंद्र द्वारा गंगा सप्तमी/गंगा जयंती मनाई गई। जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नमामि गंगे परियोजना के स्पेअरहेड कैलाश चंद आदि के नेतृत्व में गंगा दूतो के सहयोग से कुसुमखोर घाट पर गंगा शपथ, योग अभ्यास, रैली, स्वच्छता कार्यक्रम आदि करके गंगा जयंती मनाई।

ब्लॉक बिलग्राम में गंगा दूत के सहयोग से स्वच्छता कार्यक्रम, ब्लॉक मल्लावां के मंसूरपुर स्थित घाट पर मंसूर के ग्राम प्रधान राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवकों के नेतृत्व में गंगा दूतो के सहयोग से मनाया गया। ब्लॉक हरियावां के बिजगवां में गंगा जयंती पर गांव के तालाब की साफ-सफाई कर जल भरवाया गया। जिला परियोजना अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया कि गंगा से जुड़े विशेष पर्वो पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का विशेष महत्व होता है।

इस क्रम को प्रति वर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को गंगा सप्तमी/गंगा जयंती मनाई जाती है। इस वर्ष गंगा सप्तमी/गंगा जयंती सात मई को दोपहर से होकर आठ मई तक मनाई गयी। घाटो पर पूजन व स्नान की परम्परा है। स्पेअरहेड व गंगा दूतों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम, जागरूकता, योग, आदि से मां गंगा को अविरल एवं निर्मल बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा सकता है। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवकों ने भी गंगा सप्तमी/गंगा जयंती को मनाया।



दैनिक भास्कर दिनांक-09-05-2022
Hardoi

## गंगा दूतों व स्पेअरहेड ने गंगा जयंती मनाकर किया जागरूक – प्रतिमा वर्मा

स्वतंत्र प्रयाग

**हरदोई ब्यूरो।** गंगा की महत्वता को बताने व उसे याद रखने के लिए नमामि गंगे परियोजना तथा नेहरु युवा केंद्र द्वारा गंगा सप्तमी/गंगा जयंती मनाई गई। जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नमामि गंगे परियोजना के स्पेअरहेड कैलाश चंद आदि के नेतृत्व में गंगा दूतो के सहयोग से कुसुमखोर घाट पर गंगा शपथ, योग अभ्यास, रैली, स्वच्छता कार्यक्रम आदि करके गंगा जयंती मनाई। ब्लॉक बिलग्राम में गंगा दूत के सहयोग से स्वच्छता कार्यक्रम, ब्लॉक मल्लावां के मंसूरपुर स्थित घाट पर मंसूर के ग्राम प्रधान राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवकों के नेतृत्व में गंगा दूतो के सहयोग से मनाया गया। ब्लॉक हरियावां के बिजगवां में गंगा जयंती पर गाँव के तालाब की साफ सफाई कर जल भरवाया गयो जिला परियोजना अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया कि गंगा से जुड़े



विशेष पर्वो पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का विशेष महत्व होता है। इस क्रम को प्रति वर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को गंगा सप्तमी/गंगा जयंती मनाई जाती है इस वर्ष गंगा सप्तमी/गंगा जयंती 07 मई को दोपहर से होकर 08 मई तक मनाई गयी। घाटो पर पूजन व स्नान की परम्परा है। स्पेअरहेड व गंगादूतो द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम, जागरूकता, योग, आदि से माँ गंगा को अविरल एवं निर्मल बनाने हेतु लोगो को जागरूक किया जा सकता है। जिला युवा अधिकारी ने बताया राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवकों ने भी गंगा सप्तमी/गंग

स्वतंत्र प्रयाग दैनिक, हरदोई दिनांक-09-05-202

# के साथ चर्चा एवं योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन

**स्वतंत्र प्रयाग**

**रायबरेली ब्यूरो।** नेहरू युवा केंद्र रायबरेली (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के द्वारा आज दिनांक 08/05/2022 को विकासखंड दीनशाह गौरा के प्राथमिक विद्यालय कुरौली बुधकर में गंगा जयंती के उपलक्ष्य में युवाओं के मध्य माँ गंगा के प्रति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत उदय चंद (अनुदेशक शिक्षा विभाग) के द्वारा सभी आगंतुकों का स्वागत कर किया गया।

मौके पर उपस्थित जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे संजय कुमार जी के द्वारा माँ गंगा के पृथ्वी पर अवतरित होने के उद्देश और भागीरथी के प्रयास के बारे में लोगों को बताया।

वर्तमान परिस्थिति व भीषण गर्मी में जल की दैनिक उपयोगिता और उसके संरक्षण पर ग्रामीण युवाओं के मध्य बृहद चर्चा की गई।




गंगा के प्रति जन जागरूकता, गंगा सफाई, वन्य जीवों के संरक्षण, ग्रामीण स्वच्छता व शौचालय के उपयोग की महत्ता के बारे में बताया गया, उपस्थित सभी प्रतिभागियों से पौधरोपण की अपील और आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी को एक साथ सहभाग करने के लिए परियोजना अधिकारी द्वारा प्रेरित किया गया। विद्यालय के अशोक कुमार (स०अ०) द्वारा लोगों को सभी के साथ योगाभ्यास (कपाल भांति, ताड़ासन, अनुलोम विलोम) कराने के साथ मां गंगा के प्रति सच्ची आस्था का विश्वास प्रकट किया गया।

कार्यक्रम का समापन गंगा स्वच्छता शपथ ग्रहण कराने के बाद किया गया।

ऐसे आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक शिवान्शु, पूनम गौतम, आदित्य प्रताप (जगतपुर) व अनूप यादव (सतांव) के साथ मो. नदीम,राम प्रकाश, आंचल, सुप्रिया व गांव के अन्य युवा साथियों का विशेषकर योगदान रहा।

# गंगा सप्तमी पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रति वर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को गंगा सप्तमी /गंगा जयंती मनाई जाती है । इस वर्ष गंगा सप्तमी/ गंगा जयंती 7 मई को दोपहर में प्रारंभ होकर 8 मई तक मनाई गई। इस दिन पारंपरिक रूप से गंगा घाट पर पूजन व स्थान की परंपरा है।गंगा से जुड़े पर्व पर कार्यक्रम आयोजन का विशेष महत्व है । जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह ने बताया। इसी उपलक्ष में नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत दिनांक- 7 एवं 8 मई 2022 को गंगा जयंती /सप्तमी के अवसर पर विभिन्न तरह के जागरूकता कार्यक्रम गंगा के किनारे निम्न कार्यक्रम आयोजित किया गया - स्वच्छता कार्यक्रम, योगाभ्यास और, शपथ अभियान । स्पीयरहेड लीडर स्वयंसेवक रोहित मणि ने अरैल पर सत्संग मंदिर के सभागार में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया ।सभी गंगा दूतों ने योग किया।इसके पश्चात घाट पर श्रमदान शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सनातनी नीरज, अभिषेक मिश्रा सूरज त्रिपाठी शुभम द्विवेदी, अंकित मिश्रा, अंकित मणि , आशीष तिवारी, राहुल पांडे , शिवेंद्र दिवेदी, संदीप शुक्ला, अंकित मिश्रा , मोहित मिश्रा अरुण कुमार तिवारीकुलदीप मिश्रा , संजय तिवारी, आनंद दुबे ,हंसराज सिंह ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।




गंगा सप्तमी पर जागरूकता कार्यक्रम चलाते नेहरू युवा केन्द्र के सदस्य

# नमामि गंगे परियोजना के तहत चलाया सफाई अभियान



मेरठ 10 मई। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, भारत सरकार की नमामि गंगे परियोजना अंतर्गत गंगा सप्तमी व गंगा जयन्ती के अवसर पर परीक्षितगढ़ के गंगा ग्राम नीमका में श्री तुषार गुप्ता, जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) मेरठ के निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद मेरठ के यूथ क्लब सदस्यों तथा नमामि गंगे परियोजना के गंगा दूतों द्वारा गंगा तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें कई किलो कुड़ा गंगा जी के तट पर से और अंदर से निकाला गया।

गंगा दूतों और अन्य युवा स्वयंसेवकों को गंगा शपथ भी दिलाई गई। श्री तुषार गुप्ता, जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) गंगा ग्राम का निरिक्षण ग्राम प्रधान महिपाल के साथ किया गया, जिसमें उन्होंने ग्राम मे वृक्षारोपण के लिए उचित स्थान और गंगा वाटिका के निर्माण के लिए कुछ स्थान देखें जिनमे से बाद में एक स्थान को चिन्हित कर लिया जाएगा। जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) द्वारा ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया कि वह गांव में गंगा चौपाल, बच्चों के साथ गंगा जागरुकता रैलियां, गंगा आरती, योग आदि की गतिविधियों करानी शुरू करें और उनकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) द्वारा ग्राम प्रधान संग बैठक कर गंगा संबन्धित परेशानियों को सुना गया और बताया गया कि समस्याओं को क्रमबद्ध करके आगामी जिला गंगा समिति की बैठक मे प्रस्तुत करें।

# राम गंगा की स्वच्छता का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी अंकित कुमार के निर्देशन अनुसार विशेष अभियान के तहत ग्राम मोरा मुस्तकम, राम गंगा किनारे स्वच्छता अभियान जिला परियोजना अधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। गंगा जयंती के शुभ अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के द्वारा कुंदरकी ब्लाक फत्तेहपुर में नमामि गंगे कार्यक्रम में युवाओं की सहभागिता के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न गंगा ग्राम में स्थानीय गंगा दूतों एवं स्पेयरहेड टीम लीडर द्वारा मां गंगा की स्वच्छता के संदेश के साथ अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। गंगा



चौपाल का आयोजन जिसमें मुख्य रूप से ग्रुप संवाद के माध्यम से मां गंगे के प्रति जागरूक बने रहने हेतु प्रेरित किया गया। वृक्षारोपण अभियान योग एवं प्राणायाम का आयोजन। गंगा घाटों पर स्वच्छता अभियान गंगा शपथ बाल गंगा दूतों संग संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक आकाश कुमार की अध्यक्षता में स्पियर हेड टीम के संग स्वच्छता एवम शपथ कार्यक्रम गंगा मंदिर ग्राम लाडला, स्पियर हेड टीम सदस्य कामिनी और शीतल की अध्यक्षता में योग कार्यक्रम ग्राम शक्ति खेड़ा और बेहरोनपुर मांझरा और स्वयंसेवक अशोक द्वारा पौधरोपण का कार्यक्रम कुंदरकी के आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत गंगा स्नान के महत्व को समझाते हुए उपस्थित युवाओं को गंगा की वर्तमान स्थिति से अवगत करवाया गया। आकाश द्वारा बताया गया की गंगा अस्तित्व खतरे की ओर बढ़ता ही जा रहा है ऐसे में हम युवा शक्ति को आगे आना पड़ेगा और इस लड़ाई में सहभागिता देनी पड़ेगी वरना गंगा नदी हमारा इतिहास बन कर ही रह जाएगी।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अक्षिता पाल, सोनी, उपासना, दीपक, चमनएरमन, छाया, अंकित गौतम अन्य आदि ने सहयोग किया।

# हुगली : नमामि गंगे परियोजना की ओर से गंगा जयंती पर चर्चा एवं योगाभ्यास कार्यक्रम



**खड़गपुर 9 मई :** नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत नेहरू युवा केंद्र , हुगली (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के द्वारा दिनांक 08/05/2022 में गंगा जयंती के उपलक्ष्य में युवाओं के मध्य माँ गंगा के प्रति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला परियोजना अधिकारी के द्वारा सभी आगंतुकों का स्वागत कर किया गया। मौके पर उपस्थित जिला परियोजना अधिकारी

................................समाप्त.......................................